बुधवार
06 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



शिक्षक संतुष्ट होंगे तभी बेहतर शिक्षक दिवस मनेगा: नीतीश 2



### 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में होगा आयोजन, जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए बड़ा मौका

# जी-20 सम्मेलन में नहीं आएंगे चीनी राष्ट्रपति

- भारत पहली बार करने जा रहा है जी-20 की मेजबानी
- काफी जोर-शोर से चल रही तैयारी दुल्हन की तरह सज रही दिल्ली

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जी-20 का 18वां सम्मेलन इस साल 9 और 10 सितंबर को दिल्ली के प्रगति मैदान में होने जा रहा है। भारत पहली बार जी-20 की मेजबानी करने जा रहा है। इसके लिए काफी जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। दिल्ली को सजाया जा रहा है। ग्लोबल इकोनॉमी में करीब 80 फीसदी से ज्यादा का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए एक बड़ा मौका है। जी-20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी कहा जाता है। जी-20 समिट का आयोजन साल में एक बार होता है, हालांकि 2008 से शुरुआत के बाद 2009 और 2010 साल में जी-20 समिट का आयोजन दो-दो बार किया गया था। जी-20 को सबसे बड़ा वैश्विक संगठन माना जाता है। इसके सदस्य देशों में भारत के अलावा फ्रांस, चीन, कनाडा, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, अमेरिका, यूके, तुर्की, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, रूस, मैक्सिको, जापान, इटली, इंडोनेशिया तथा 20वें सदस्य के तौर पर यूरोपीय संघ शामिल है। जी-20 की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक वैश्विक व्यापार में भी ये संगठन 80 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है और करीब दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।




## गलवान घाटी में भिड़ंत के बाद से चीन से रिश्तों में खटास

एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए, चीनी राष्ट्रपति ने जी-20 के शिखर सम्मेलन में आने से मना कर दिया है। सोमवार को चीन ने घोषणा की कि वह राष्ट्रपति जिनपिंग के बजाय अपने प्रधानमंत्री को जी-20 के शिखर सम्मेलन में भेजेगा। द्विपक्षीय संबंधों का जहां तक सवाल है, तो यह कदम पहले से कड़वे चले आ रहे रिश्तों में थोड़ी और कड़वाहट घोल सकता है। समिट के महज चार दिनों पहले, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रीमियर ली कियांग नयी दिल्ली में बैठक में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग के जी-20 में शामिल नहीं होना दोनों देशों के बीच संबंधों की हालत बयान करता है। गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच स्टैंडऑफ के बाद से ही लगातार तनाव बना हुआ है, जो 18 चक्र की वार्ता के बाद भी नहीं सुधरा है। जिनपिंग के नहीं आने से चीन भारत को एक सख्त संदेश देना चाहता है कि वह सीमा पर अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेगा और उसका विस्तारवादी रवैया चलता रहेगा।

## इन देशों के प्रमुख शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी अल्बानीज, चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-येओ, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, तुर्किए के राष्ट्रपति तैय्यप एर्दोगन, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज, नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू।

## निमंत्रण में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर कांग्रेस को ऐतराज

जी-20 समिट के दौरान डिनर के लिए भेजे गए राष्ट्रपति के उस निमंत्रण पत्र पर विवाद छिड़ गया है जिसमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा है। कांग्रेस ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। इसके बाद बीजेपी ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूछा है कि कांग्रेस को इतनी आपत्ति क्यों है? जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस को देश के सम्मान और गौरव से जुड़े हर विषय से इतनी आपत्ति क्यों है? भारत जोड़ो के नाम पर राजनीतिक यात्रा करने वालों को भारत माता की जय के उद्घोष से नफरत क्यों है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के मन में न देश के प्रति सम्मान है, न देश के संविधान के प्रति और न ही संवैधानिक संस्थाओं के प्रति। उसे तो बस एक विशेष परिवार के गुणगान से मतलब है। कांग्रेस की देश विरोधी एवं संविधान विरोधी मंशा को पूरा देश भलीभांति जानता है।

**'भारत बोलने में शर्म क्यों आ रही आपको:** बीजेपी महासचिव तरुण चुग ने कहा, 'भारत बोलने पर, भारत लिखने पर क्या दिक्कत है आपको? आपको क्यों शर्म आ रही है? कांग्रेस को स्पष्ट करना पड़ेगा कि कभी भारत माता की जय पर आपको ऐतराज है, वंदे मातरम पर ऐतराज है। यह कांग्रेस का संविधान विरोधी चेहरा है। हमारी मातृभूमि का नाम भारत है, संविधान में स्पष्ट किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'इटली का चश्मा पहनकर कांग्रेस के लोगों का मानसिक दिवालियापन हो गया है। भारत देश के कण कण में है। इसे कोई मिटा नहीं सका है। ये जो नए नए खिलजी आए है ये भी मिटा नही पाएंगे।

**कांग्रेस ने क्या आरोप लगाया:** राष्ट्रपति भवन की ओर से 9 सितंबर को जी-20 रात्रिभोज के लिए 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के नाम पर निमंत्रण भेजे जाने पर कांग्रेस ने कहा कि यह राज्यों के संघ पर भी हमला है। जयराम रमेश ने लिखा, राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को होने वाले जी-20 डिनर के लिए जो न्योता भेजा है, उसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा है. संविधान के आर्टिकल 1 में लिखा है कि भारत जो कि इंडिया है एक राज्यों का समूह होगा। अब तो राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है।

## क्या है जी-20 का काम

जी-20 का मूल एजेंडा आर्थिक सहयोग और वित्तीय स्थिरता का है, लेकिन समय के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, स्वास्थ्य, कृषि और भ्रष्टाचार निरोधी एजेंडा भी इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें दो समानांतर तरीकों से चर्चा होती है, पहला फाइनेंशियल और दूसरा शेरपा ट्रैक। चूंकि दुनिया की जीडीपी में 85 फीसदी हिस्सा जी-20 देशों का है। वहीं दुनिया के व्यापार में 75 फीसदी की हिस्सेदारी भी इन्हीं की है, ऐसे में इनकी बैठक को काफी अहम माना जाता है। इनका काम सभी सदस्य देशों के साथ समन्वय बनाना और नेगोशिएट करना होता है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का मौलिक अधिकार: राष्ट्रपति



**एजेंसी/नई दिल्ली**

टीचर्स डे के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर के 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया। दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को पुरस्कार में 50 हजार रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों और छात्रों को चरक, सुश्रुत और आर्यभट्ट से लेकर चंद्रयान-3 तक की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे शिक्षक और छात्र मिलकर कर्तव्य काल में भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में तेजी से आगे लेकर जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक मजबूत और जीवंत शिक्षा प्रणाली को विकसित करने पर जोर दिया गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार माना गया है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को समझना और उन क्षमताओं को विकसित करने में बच्चे की मदद करना शिक्षकों का भी कर्तव्य है और अभिभावकों का भी। बच्चे की मदद करने के लिए, शिक्षकों में बच्चे के प्रति संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा कि अध्यापन कार्य में महिलाओं की भागीदारी को देखते हुए मैं चाहूंगी कि राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि हो। छात्राओं और अध्यापिकाओं को प्रोत्साहित करना महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत जरूरी है।

# नीतीश कैबिनेट का फैसला... गया में पितृपक्ष मेला को देखते हुए 120 करोड़ 15 लाख रु. की लागत से होगा धर्मशाला का निर्माण

- नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 32 एजेंडों पर लगी मुहर लगी
- गुलजार बाग की वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनेगी जी प्लस मल्टी पर्पस बिल्डिंग

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक 32 एजेंडों पर मुहर लगी। इसके तहत गया में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को देखते हुए सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा तोहफा दिया है। गया जी धाम में धर्मशाला के निर्माण के लिए 120 करोड़ 15 लाख 85 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। गयाजी धाम को आदर्श धार्मिक एवं पर्यटन स्थल बनाने हेतु पर्यटन विभाग ने निम्नलिखित योजनाएं बनायी है। इस योजना के अन्तर्गत यहां जी प्लस 4 भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें बेड-1080, डोरमेंटरी 212 एवं दो बेडरूम की संख्या 48 रहेगी। भवन में लिफ्ट-4 और सीढ़ी- 8 बनाए जाएंगे। इस भवन में 38 बस पार्किंग के साथ 303 कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा ताकि पर्यटकों को पार्किंग में कहीं कोई परेशानी नहीं हो। सीतामढ़ी के पुराना धाम के विकास हेतु 72 करोड़ 47 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. इस राशि से मंदिर के आस-पास सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। सरकार ने मुस्लिमों के लिए भी खजाना खोला है. बिहार सरकार वक्फ बोर्ड की जमीन को विकसित करेगी। पटना के गुलजार बाग की वक्फ बोर्ड की जमीन पर जी प्लस मल्टी पर्पस बिल्डिंग बनेगी, भवन निर्माण निगम यह बिल्डिंग



बनाएगा. इसके लिए कुल 39 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**जीविका दीदियों को मिली नई जिम्मेवारी:** राज्य सरकार ने जीविका दीदियों पर विशेष ध्यान दिया है। अब सभी नगर निकाय में जीविका समूह बनाए जाएंगे। शहरी गरीबों के लिए सामाजिक जागरूकता, संस्थागत विकास और जीविकोपार्जन योजना का क्रियान्वयन होगा। इसके साथ ही जीविका दीदियों के कंधे पर एससी-एसटी आवासीय विद्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। छात्र और छात्राओं का भोजन, ब्रेक फास्ट, ड्रेस सप्लाई, साफ सफाई और कपड़ों की धुलाई जीविका दीदी करेंगी। बिहार वित्त नियमावली 2005 में संशोधन कर यह जिम्मेदारी सौपी गई है।

**गोपालगंज में बनेगा मेडिकल कॉलेज:** गोपालगंज जिला में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण हेतु 2 अरब 99 करोड़ 78 लाख की स्वीकृति दी गई है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा में 500 बेड के अस्पताल के लिए मेडिकल उपकरण की आपूर्ति के लिए 73 करोड़ 2 लाख 44 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पटना विश्वविद्यालय अंतर्गत विज्ञान ब्लॉक में जी+7, नए बालिका छात्रावास (02 ब्लॉक) जी+9 एवं स्टॉफ क्वार्टर जी+3 के निर्माण हेतु 1 अरब 63 करोड़ 60 लाख 29 हजार रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

**छुट्टी कैलेंडर 2024 की मंजूरी:** नीतीश कैबिनेट ने छुट्टी कैलेंडर 2024 की मंजूरी दी है। 2024 के लिए सरकार के ऑफिस में छुट्टी और निगोसियेवल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत अवकाश की घोषणा की है। बिहार सरकार के कैलेंडर 2024 में कुल 56 दिन छुट्टी होगी। कैलेंडर 2024 में बिहार राजस्व दंडाधिकारी न्यायालयों के तहत 15 दिन, ऐच्छिक छुट्टी कुल 20 दिन और एनआईए के तहत कुल 21 दिन छुट्टी होगी।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा नगर पालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य पर्यावरण के मुद्दे में पारित आदेश के अनुपालन में रिंग फेंसड खाता संधारित करने एवं उसके माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 4000 करोड रुपए व्यय की स्वीकृति दी गई है? बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक संस्थानों में कार्यालय परिचारी संवर्ग के पूर्व से सृजित 744 पदों का पुनर्गठन किया गया है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर पूर्व में सृजित 6 पदों को प्रत्यर्पित किया गया है एवं कुल 34 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। मदरसों में नियुक्ति एवं कार्यरत विज्ञान शिक्षकों के भुगतान के लिए कोर्ट से पारित आदेश के अनुपालन में कल 9 करोड़ 98 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना के लिए कुल 57 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत पर से आगे भी चलाने का निर्णय लिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने की सुनवाई

# अनुच्छेद 370 मामले पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**एजेंसी/नई दिल्ली**


अनुच्छेद 370 मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने 16 दिन तक दोनों पक्षों की जिरह सुनी और मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने संवैधानिक पहलुओं से लेकर ऐतिहासिक घटनाक्रम पर चर्चा की। मामला उस वक्त खासा गर्म हुआ, जब कोर्ट ने मुख्य याचिकाकर्ता मोहम्मद अकबर लोन से इस बात का हलफनामा मांग लिया कि वह जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा मानते हैं।



**क्या है मामला:** 5 अगस्त 2019 को संसद ने जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव पास किया था। साथ ही राज्य को 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांटने का भी फैसला लिया गया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में 20 याचिकाओं के जरिए चुनौती दी गई थी।

**2 याचिकाकताओं ने वापस ली याचिका:** मामले के पहले 2 याचिकाकताओं शाह फैसल और शेहला रशीद ने सुनवाई शुरू होने से पहले ही अपनी याचिकाएं वापस ले लीं। इसलिए कोर्ट ने दोनों का नाम याचिकाकताओं की लिस्ट से हटाने का निर्देश दिया। इसके बाद नेशनल कांफ्रेंस सांसद मोहम्मद अकबर लोन का नाम याचिकाकताओं की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गया।


**याचिकाकर्ता पक्ष की दलीलें:** लोन की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उनके अलावा राजीव धवन, गोपाल सुब्रमण्यम, जफर शाह जैसे कई वरिष्ठ वकीलों ने अनुच्छेद 370 को बेअसर करने का फैसला खारिज करने की मांग की। इन वकीलों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय विशेष परिस्थितियों में हुआ था। इसलिए, उसे अलग दर्जा मिला. राज्य की एक अलग संविधान सभा थी, जिसका काम 1957 में पूरा हो गया। भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की सहमति से ही हो सकता था। इसलिए, संसद का फैसला कानूनन गलत है।



## शिक्षक दिवस पर पटना विवि में आयोजित कार्यक्रम को राज्यपाल ने किया संबोधित, बोले...

# शिक्षक संतुष्ट होंगे तभी बेहतर शिक्षक दिवस मनेगा

- शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर जमकर बरसे राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर
- बोले- एक अधिकारी के पास इतना साहस कहां से आया गया कि वह कुलाधिपति पर सवाल उठा सके



**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर मंगलवार को राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर ने हमला किया। उन्होंने शिक्षक दिवस पर पटना विश्विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजभवन और मुख्यमंत्री के बीच तनाव की खबरों को सिरे से नकारते हुए कहा कि सीएम नीतीश से उनका कोई टकराव नहीं है। इसी दौरान उन्होंने केके पाठक को निशाने पर लिया और उन्हें जमकर सुनाया। केके पाठक की ओर संकेत करते हुए कहा कि एक सेकरेट्री को इतना साहस कहां से आया कि वह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति को लिखे। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी द्वारा कुलाधिपति की ओटॉनमी पर सवाल उठाया जाता है। एक सेकरेट्री को इतना साहस कहां से आया। इसको लेकर सोचने की जरुरत है।

दरअसल, पिछले दिनों कुलपतियों के कामकाज में दखल दिए जाने के बाद केके पाठक के आदेश को राजभवन ने निरस्त करने की बात कही थी। बाद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात के पीछे मूल रूप से यही माना गया कि यह केके पाठक प्रकरण के कारण हुई। अब उसी को याद करते हुए राज्यपाल ने सवाल किया कि एक अधिकारी कैसे कुलाधिपति पर सवाल उठा सकता है।

वहीं बिहार की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी राज्यपाल ने बिहार सरकार को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि 30-40 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक की जरुरत होती है। लेकिन हम कितने शिक्षक दे रहे हैं। पटना विश्विद्यालय ही नहीं हमारे सभी विश्वविद्यालय का स्तर बढ़ना चाहिए। जब शिक्षक पढ़ाएंगे तो स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सोचने की जरूरत है कि क्यों शिक्षक हमारे सड़को पर आते हैं। शिक्षक दिवस तब बेहतर मनेगा जब हमारे शिक्षक संतुष्ट होंगे. क्यों शिक्षकों के सड़क पर आंदोलन की नौबत आती है? इस दौरान उन्होंने केके पाठक के निर्णयों की ओर संकेत करते हुए कहा कि प्रशासन में बैठे अधिकारी जब शिक्षकों से ठीक ढंग से बर्ताव करेंगें तो हालात बदलेंगे।

**कुछ अधिकारियों की जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के कारण सरकार की हो रही फजीहतः शिक्षा मंत्री-** वहीं पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कुछ अधिकारियों के जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के कारण सरकार को बार-बार फजीहत का सामना करना पड़ रहा है, जो कि सही नहीं है। उन्होंने बिहार के शिक्षकों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य सुधारात्मक होना चाहिए, न की दंडात्मक। दंडात्मक कार्रवाई का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने शिक्षकों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि टीचर्स पूरे मन से बच्चों को पढ़ाएं। शिक्षकों का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का नाम लिए बिना ही शिक्षा मंत्री ने कहा अधिकारी के जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से सरकार की किरकिरी हो रही है। बता दें कि केके पाठक के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों स्कूलों में दिवाली-छठ एवं अन्य पर्वों पर छुट्टियां कम कर दी थीं। विवाद होने के बाद सीएम नीतीश के कहने पर विभाग ने यह आदेश वापस ले लिया है।

### पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विवि बनाया जाए: सीएम

शिक्षक दिवस के मौके पर पटना विश्वविद्यालय में उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पटना विवि के विकास के लिए हमलोग हमेशा से तत्पर रहे हैं। पटना विवि देश का सातवां सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दंडात्मक नहीं सुधार पर काम हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल यहां बैठे हैं। मैं उन्हें खुद यूनिवर्सिटी दिखाऊंगा। बिहार के मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से कहा कि आपसे मिलते हैं, तो हमको बहुत अच्छा लगता है, जब मौका मिलेगा तो हम आपको घुमाएंगे। परमिशन हैं ना आपकी। चलिएगा ना मेरे साथ? इसके बाद राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की बातों को मैं ध्यान में रखूंगा उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने का आश्वासन दिया।

**लोगों ने लगाए देश का पीएम कैसा हो के नारेः** इस बीच मंच से नीचे बैठे लोग नारेबाजी करने लगे। इन्होंने नारे लगाए और कहा कि देश का पीएम कैसे हो नीतीश कुमार जैसा हो। यह सुन नीतीश कुमार का चेहरा चमकने लगा।

## मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के खाली पोस्ट भरने का आदेश जारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर कई तरह के कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों में प्रधानाध्यापकों के खाली पद को भरने के लिए शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था की है। 10 सितंबर तक मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के खाली पोस्ट को भरने का आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षकों की प्रोन्नति नहीं होने की वजह से शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। प्राधमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

बिहार के मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के खाली जगह को जल्द ही भरा जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दे दिया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित कोटि एवं प्रधानाध्यापक का पद बड़ी संख्या में रिक्त है। इससे प्रशासनिक नियंत्रण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही मध्य विद्यालयों में शिक्षकों की भी कमी है। ऐसे में प्रशासनिक ढांचा दुरुस्त करने को लेकर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि मध्य विद्यालयों में पदस्थापित स्नातकोत्तर योग्यताधारी स्नातक (प्रशिक्षित) शिक्षकों को अपने ही वेतनमान में प्रधानाध्यापक के पद पर पूर्ण रूप से कार्य करने के लिए पदस्थापित करें। अगर इस तरह के शिक्षक मौजूद नहीं है तो स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक को ही अपने वेतनमान में प्रधानाध्यापक के पद पर पूर्ण रूप से कार्य करने के लिए पदस्थापित किया जाए। उसके बाद स्नातक प्रशिक्षित के रिक्त पदों पर प्राथमिक, मध्य विद्यालय में मूल कोटि के स्नातक योग्यताधारी सहायक शिक्षकों को अपने वेतनमान में मध्य विद्यालय के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर पदस्थापित करें।

मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान के रिक्त पद पर वरीयता को ध्यान में रखकर अपने ही वेतनमान में स्नातक प्रशिक्षित एवं मूल कोटि के शिक्षकों का पदस्थापन किया जाए। इस पदस्थापन में दिव्यांग एवं महिला शिक्षकों को प्राथमिकता दें। इस व्यवस्था के तहत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर पदस्थापन में कोई वित्तीय लाभ नहीं दिया जाएगा।

## पटना में युवक के सिर में गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के सुरंगपुर की है। सोमवार आधी रात को युवक सुरंगपुर की ओर से गुजर रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने उसपर हमला कर दिया। अपराधियों ने पहले चाकू से वार दिया। इसके बाद जब युवक की सांसे नहीं थमी तो गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है। पुलिस मृतक युवक के पहचान करने में जुट गई है। सीटीएसपी पूर्वी संदीप कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए प्रथम दृष्टया मे मामला आपसी विवाद के होने का आशंका जताई है। अपराधियों ने बेरहमी से युवक की हत्या की है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सोरंगपुर इलाके में आधी रात लगभग 1:30 बजे एक युवक सड़क से गुजर रहा था। इसी क्रम में अपराधियों ने उसे घेर कर उसके शरीर पर चाकुओं से 10 से अधिक बार वार किया। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक के शरीर के पेट, छाती, गर्दन और शरीर के कई भागों में लगातार चाकू से वार किया। इसके बाद अपराधियों ने युवक को सिर में दो गोली मारी।

रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी जहांगीर आलम ने बताया कि घटना के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाल में जुट गई है। उन्होंने कहा कि मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है।

## रेप पीड़िता के मामा ने आरोपी युवक के साथ किया गंदा काम, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

बेतिया में रेप के आरोपी को सजा देने का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। रेप पीड़िता के मामा ने आरोपी को ऐसी सजा दी जो कोई सोच भी नहीं सकता है। आरोपी को मामा ने पहले अपने घर बुलाया, इसके बाद उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। इतना ही मामा ने इस घटना का वीडियो भी बनाया और वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। इसके बाद पुलिस ने रेप के आरोपी और अप्राकृतिक यौनाचार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना सहोदारा थाना एक गांव की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 3 माह से एक युवक गांव की ही किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर रहा था। इस बात की किशोरी के मामा को लगी तो वह आगबबूला हो गए। इसके बाद बहाने से 27 अगस्त को रेप के आरोपी युवक को घर बुलाया। इसके बाद उसके साथ गंदा काम किया।

## पटना में ऑटो-ई रिक्शा की हड़ताल, लोग परेशान

**केटी न्यूज/पटना**

पटना जंक्शन स्थित टाटा पार्क से ऑटो स्टैंड हटाने के विरोध में ऑटो चालकों ने सोमवार से अपने आंदोलन को तेज कर दिया है। इसको लेकर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा एवं फुटपाथ दुकानदार संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने 5 सितंबर को पटना बंद का आह्वान किया। रविवार तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आंशिक रूप से ऑटो चल रहे थे लेकिन सोमवार से इसका परिचालन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। इस क्रम में ऑटो चालक जहां-तहां डंडे लेकर खड़े दिखे।

**इस वजह से किया है हड़तालः** मेट्रो निर्माण के लिए नगर निगम ने गुरुवार की देर रात पटना जंक्शन गोलंबर के पास स्थित टाटा पार्क से ऑटो स्टैंड को हटवा दिया था। इसको लेकर ऑटो संघ और पटना नगर निगम प्रशासन के बीच काफी विवाद भी हुआ था। नगर निगम के पदाधिकारियों ने कहा कि मेट्रो का काम जल्द से जल्द पूरा करना है इसके लिए यह जगह खाली करवाई जा रही है लेकिन ऑटो संघ इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हुए। इसी के विरोध में इन लोगों ने शुक्रवार से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दिया। उनके इस हड़ताल करने से आमजन को जंक्शन से कंकड़बाग, हनुमान नगर सहित अन्य इलाकों में जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनका कहना है कि सरकार और प्रशासन ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा और फुटपाथ दुकानों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के वहां से हटा रही है इसलिए इनकी मांग है कि पटना प्रशासन इनको वैकल्पिक ऑटो स्टैंड की व्यवस्था करे। ऑटो चालकों की हड़ताल के कारण पटना स्टेशन पर आने वाले लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।



# अच्छी खबर: एचआईवी मरीजों के इलाज के लिए शुरू होगा लिंक एआरटी सेंटर

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य स्वास्थ्य समिति ने जिले के एड्स और एचआईवी पीड़ितों को राहत देने जा रही है। जिसके तहत जिले में एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (लिंक-एआरटी) सेंटर की शुरूआत करने जा रही है। जिससे एड्स और एचआईवी के मरीज को एआरटी के लिए बार-बार भोजपुर एआरटी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

जल्द ही सदर अस्पताल स्थित लिंक एआरटी सेंटर से एड्स के मरीजों को भी दवाओं के साथ अन्य सुविधा मिलने लगेगी। एचआईवी और एड्स से ग्रसित मरीजों को दवाइयां एआरटी सेंटर पर ही मिलती हैं। इससे पूर्व मरीजों भोजपुर जिले में स्थित




एआरटी सेंटर से दवाएं दी जाती थी। ऐसे में मरीजों की सहूलियत के लिए बक्सर में लिंक एआरटी सेंटर स्थापित होने से मरीजों का कैडमियम यूरिन (सीडीयू) टेस्ट भी होगा। सीडीयू टेस्ट से यह जानकारी मिलेगी कि मरीज के शरीर में एचआईवी वायरस कितनी मात्रा में फैल चुका है। इसके आधार पर उसे दवाइयां दी जा सकेंगी।

**जांच में आएगी तेजी :** जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी सह संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि लिंक एआरटी सेंटर के खुलने से एचआईवी और एड्स के संभावित मरीजों की जांच में तेजी आएगी। साथ ही, उनका उचित काउंसिलिंग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एचआईवी और एड्स के मरीज को एकमुश्त में एक माह की दवा दी जाती है। एक माह के बाद उनकी दोबारा जांच की जाती है और उस आधार पर दवाएं दी जाती हैं। किसी भी एचआईवी से संक्रमित के दवा की डोज नहीं छूटनी चाहिए। यदि किसी कारण मरीज दवा की डोज छोड़ता है तो उसके शरीर में वायरल लोड बढ़ने की संभावना बन जाती है। जो खतरनाक है। रोग प्रतिरोधक क्षता कम होगी और दूसरी तरह की बीमारियां भी आक्रमण कर सकती है जिसमें टीबी सबसे प्रमुख है।

**इस वर्ष 53 संक्रमित मरीजों की हुई पुष्टि :** जिला आईसीटीसी पर्यवेक्षक शिव कृपाल दास ने बताया, जिले में प्रत्येक साल एचआईवी के मरीज मिलते हैं। वर्ष 2022-23 में 109 मरीजों की पुष्टि हुई थी। साथ ही, छह गर्भवती महिलाएं भी संक्रमित पाई गई थीं। वहीं, वर्ष 2023-24 में अब तक पांच गर्भवती महिलाएं और 53 अन्य संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई हैं। जिनमें छह लोग टीबी और एचआईवी दोनों से संक्रमित हैं। जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि लिंक एआरटी सेंटर की शुरूआत होने से मरीजों की निगरानी और काउंसलिंग में भी सहूलियत होगी। साथ ही, मरीजों को सुविधाजनक इलाज मुहैया कराया जाएगा।



“ सदर अस्पताल में एआरटी सेंटर बनकर तैयार है। जिसका संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए दवाओं का स्टॉक भी उपलब्ध हो चुका है। साथ ही, जिला यक्ष्मा विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी को एआरटी का प्रशिक्षण देने की तैयारी चल रही है। जिसके बाद लिंक एआरटी में मरीजों की जांच व उनका इलाज शुरू किया जाएगा। साथ ही, इसके संचालन से एचआईवी से संक्रमित मरीजों को दवा लेने के लिए भोजपुर या पटना नहीं जाना पड़ेगा।

*- डॉ. सुरेश चंद सिन्हा, सिविल सर्जन, बक्सर*

## एक नजर

### बक्सर नगर परिषद में शुरू हुआ पोस्टर वार, उप मुख्य पार्षद ने चस्पाया नया पोस्टर

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। सुर्खियों की वजह ईओ व उप मुख्य पार्षद के बीच का पोस्टर वार है। हाल ही में ईओ प्रेम स्वरूप ने नगर परिषद कार्यालय पर एक पोस्टर चिपका अपने काम के सिलसिले में आने वाले लोगों को ऊंची आवाज में बात नहीं करने की नसीहत दी थी और लिखा था कि ऊंची आवाज में बात करने वालों से 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इस पोस्टर के जबाव में उप मुख्य पार्षद इशरत बानो ने भी एक नया पोस्टर लगाया है। उनका पोस्टर सीधे तौर पर नगर परिषद कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चोट करते नजर आ रहा है। उनके पोस्टर में लिखा है कि यदि आप ब्लड प्रेशर के डर से नमक खाना छोड़ सकते हैं, सुगर के डर से चीनी खाना छोड़ सकते हैं तो भगवान के डर से बेईमानी का खाना भी छोड़ दो। जाहिर है उप मुख्य पार्षद ने जहां अपने पोस्टर के माध्यम से ईओ को जबाव दिया है वही उन्होंने इसके बहाने नगर परिषद में व्याप्त बेईमानी व लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार पर भी प्रहार किया है। बता दें कि नगर परिषद के नये बोर्ड के गठन के साथ ही उप मुख्य पार्षद तथा उनके प्रतिनिधि रामजी सिंह नप में भ्रष्टाचार व लूट खसोट के खिलाफ आवाज उठाते रहे है। रामजी सिंह ने कहा कि यदि आम जनमानस का काम पारदर्शी तरीके से होगा तो कोई ऊंची आवाज में क्यों बात करेगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए बिना ही कहा कि दूसरों को सजा देने के बदले अपने कार्यसंस्कृति में सुधार लाना ही बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि जुर्माना का भय दिखा लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।



### शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांध शिक्षकों ने दंडात्मक कार्रवाई का जताया विरोध

**डुमरांव।** शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांध सरकार द्वारा शिक्षकों पर किए गए दंडात्मक कार्रवाई का विरोध जताया। यह विरोध शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर डुमरांव प्रखंड के शिक्षकों ने किया था। सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में काली पट्टीह बांध ड्यूटि बजाते दिखे। इस अवसर पर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि सरकार शान्ति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई की है उसे अविलंब वापस ले अन्यथा बाध्य होकर हमे आन्दोलन करना पड़ेगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। जिला प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षकों को तरह तरह के जांच और दंडात्मक कार्रवाई करके शिक्षक शब्द की मयार्दा ही खत्म कर रही है। कभी शिक्षक को गुरु का दर्जा दिया जाता था आज शिक्षक निरीह प्राणी बनकर रह गए है। हद तो यह है कि उनका जांच तालीमी मरकज, विकास मित्र, डाटा एंट्री ऑपरेटर, और शिक्षा सेवकों जैसे उनके निम्न संवर्ग के कर्मियों से करवाया जा रहा है, जो शिक्षकों का घोर अपमान है। इस अवसर पर शिक्षकों ने सरकार द्वारा उन्हें अपमानित करने की बात कही और शिक्षक दिवस जैसे अवसर पर विरोध स्वरूप काला पट्टी बांधकर काला दिवस के रूप में मनाया।



## 200 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** स्थानीय पुलिस ने स्थानीय बाजार के एक गुमटीनुमा दुकान में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 200 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने तस्करी के आरोप में दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दुकानदार संजय कुमार गुप्ता सिमरी दुधीपट्टी गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाजार में एक गुमटीनुमा दुकान का संचालक अपनी दुकान की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी करता है। इस सूचना पर उसके दुकान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उसके दुकान से 200 ग्राम गांजा मिला। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस कप्तान मनीष कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और धंधे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेषकर हेरोइन, गांजा और शराब के गिरफ्तार तस्करों की गिरफ्तारी के बाद उनकी तस्करी में शामिल गैंग और धंधेबाजों की भी शिनाख्त की जा रही है। ताकि, युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रखा जाए और तस्करों पर नकेल कसा जा सके।

## अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ सोनवर्षा के ग्रामीणों ने सब स्टेशन पर किया प्रदर्शन

# चेतावनी : नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने पर ग्रामीण करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

- 18 घंटा बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे थे ग्रामीण, कहा- अगला पड़ाव डुमरांव एसडीओ कार्यालय

**केटी न्यूज/नावानगर**

अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ सोनवर्षा के ग्रामीणों का आक्रोश जारी रहा। मंगलवार को ग्रामीणों ने रामपुर पॉवर सब स्टेशन पहुंच जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने 18 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति करने की बिजली कंपनी के अधिकारियों से मांग कर रहे थे। साथ ही नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने पर ग्रामीणों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का अल्टीमेटम भी बिजली कंपनी के अधिकारी को दिया है। हालांकि प्रदर्शन के दौरान रामपुर पॉवर सब स्टेशन पर मात्र एक बिजली ऑपरेटर मौजूद था। इधर ग्रामीणों ने कहा कि रामपुर पावर सब स्टेशन पर प्रदर्शन के बावजूद नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होती है, तो उनका अगला प्रदर्शन पड़ाव बिजली कंपनी के एसडीओ कार्यालय डुमरांव पर होगी। प्रदर्शन में




शामिल मंटू पटेल ने कहा कि बीते एक सप्ताह से सोनवर्षा में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। स्थिति ऐसी है कि इस उसम भरी गर्मी में परेशानी बढ़ गई है। साथ ही खेतों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। वही कलामुद्दीन उर्फ बकत ने कहा कि घंटे भर रोटेशन पर बिजली आपूर्ति किसी काम की नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तो रोटेशन पर बिजली सप्लाई हो रही है, उसमें भी आंख मिचैली होती है। जिससे न तो कृषि कार्य में सिंचाई हो पाती है और न गर्मी से राहत मिलती है। जबकि मृत्युंजय ओझा ने कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति से व्यवसाय काफी प्रभावित हो रहा है। साथ ही रामपुर पॉवर सब स्टेशन के सभी कर्मी एवं अधिकारी द्वारा फोन भी रिसिव नहीं किए जाने की आरोप लगाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नियमित बिजली आपूर्ति जब तक नहीं होती, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में अजमेर खां, प्रमोद राम, शशीभूषण मिश्र, मनु ठाकुर, अभिनंदन प्रसाद, मुराद अली, सत्यनारायण तुरहा समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### सरकारी निर्देश भी फेल

ग्रामीणों ने कहा कि बारिश नहीं होने पर सरकार द्वारा कृषि फिडरों को 16 घंटे बिजली देने का निर्देश दिया गया है। लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारी इस आदेश को दरकिनार कर रहे है। जिससे धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार बारिश नहीं हुई है। जिससे किसानों के लिए बिजली ही अपने फसलों को बचाने का एकमात्र विकल्प है। लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारी बेफिक्र बने हुए है। इधर पानी के अभाव में धान की फसल तेजी से सूख रही है। किसानों का कहना था कि यदि बिजली कंपनी के अधिकारी इसी तरह लापरवाह बने रहे तो किसान चक्का जाम करने से भी नहीं हिचकेंगे। गौरतलब है कि इस इस बार बारिश के अभाव में क्षेत्र में सूखा की स्थिति बनी हुई है।

# बक्सर में जीएनएम कॉलेज की छात्रा ने लगाई फांसी, जांच कर रही पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना सदर अस्पताल परिसर में स्थित जीएनएम कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। मृतका पटना जिला के फतुहा की रहने वाली नीतू कुमारी जीएनएम की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। घटना के बाद हॉस्टल के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। साथ ही, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, इस घटना के बाद हॉस्टल में सनसनी फैल गई। साथ ही, इस अप्रत्याशित घटना के बाद जीएनएम कॉलेज के हॉस्टल में आवासित अन्य छात्राएं डरी और सहमी हुई हैं। हालांकि, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, कॉलेज के शिक्षक और हॉस्टल के वार्डन ने छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कराया।

- पटना के फतुहा की रहने वाली थी छात्रा, मंगलवार को ही घर से आई थी



घटना के संबंध में बताया जाता नीतू मंगलवार को ही अपने घर से वापस आई थी। वापस लौटने के बाद शाम को अपने कमरे में थी। इस बीच हॉस्टल की सभी छात्राएं हाजिरी बनाने के लिए वार्डन के पास जा रही थी। जिसके लिए अन्य छात्राओं ने उसे आवाल दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। काफी देर तक जब अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला तब छात्राओं को किसी अनहोनी का शक हुआ। जिसके बाद धक्के मार कर दरवाजा खोलने में कामयाब हो गई। लेकिन, अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने नीतू के शव को पंखे की कुंडी से लटका पाया। जिसके बाद उन्होंने डर के मारे शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसे सुनकर वार्डन और छात्र हॉस्टल से लड़के भी आ पहुंचे। छात्रों ने मिलकर शव को उतारा और उसे सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इधर, मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मृत छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही पूछताछ कर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। फिलहाल मृतका के फोन का कॉल डिटेल्स निकाला जा रहा है। साथ ही, उसके सहपाठियों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## खाना पकाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग

**सिमरी।** मंगलवार को रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनपुर गांव गणेश साह के घर में खाना पकाने के दौरान रसोई गैस में आग पकड़ लिया। जब तक लोग समझते तथा मदद की गुहार लगाते तबतक आग विकराल हो पूरे घर में फैल गया। घरवालों ने बाहर भाग किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में उनका शोरगुल सुन तथा आग की लपटो को उठता देख एकजुट हुए ग्रामीणों ने किसी तरह हिम्मत जुटा आग पर काबू पाया। तबतक घर में रखे 3.30 लाख नगर रूपए के अलावे टीवी, फ्रिज, कुलर, बर्तन, बिछावन, अनाज, खाट, चैकी, पलंग समेत करीब पांच लाख रूपए से अधिक मूल्य की संपति जल गई। हालांकि ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग पर काबू पा इसे विकराल होने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनपुर गांव के गणेश साह के घर रसोई गैस पर खाना पकाया जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर में आग पकड़ लिया। घरवाले कुछ समझते तथा आग बुझाने का प्रयास करते तबतक सिलेंडर से तेज लपटे निकलने लगी थी तथा आग पूरे घर में तेजी से फैलने लगी।






## शिक्षक दिवस पर शिक्षा मंत्री ने डुमरांव के शिक्षक को अपने हाथों किया सम्मानित

# डॉ. मनीष कुमार को मिला राजकीय शिक्षक सम्मान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव निवासी तथा सिमरी के प्लस टू उच्च विद्यालय में पद स्थापित चर्चित शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षक दिवस के दिन पटना के कृष्णा मेमोरियल हॉल में आयोजित राजकीय शिक्षक सम्मान 2023 के दौरान शिक्षा मंत्री प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद ने उन्हें अपने हाथों यह सम्मान दिया। इस आवसर पर शिक्षा विभाग के सचिव ने भी स्वागत भाषण से सभी उपस्थित जनों का प्रभावित किया।

शिक्षक मनीष ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत राज्य गीत से हुई उसके बाद स्वागत भाषण के बाद बिहार राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा सभी चयनित राज्य के 20 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल और प्रशस्ति पत्र देकर



सम्मानित किया गया। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशक के साथ-साथ विभिन्न जिला के जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले 15 वर्षों के बाद जिले के किसी शिक्षक को यह सम्मान मिला है। जिससे पूरा जिला उत्साहित है। शिक्षकों ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद ऐसे पुरस्कार से शिक्षकों के बीच उत्साह का संचार हुआ है। बता दें कि डा मनीष खुद यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए काफी चर्चा के केंद्र बिंदु में रहते हैं। वे काफी सुगम, शांत व सरल व्यक्तित्व के धनी है तथा विगत वर्षों में वे बहुत से पुरस्कार जीत चुके हैं। प्रखंड संसाधन केंद्र सिमरी और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डुमरांव में साधनसेवी के रूप में भी शिक्षक प्रशिक्षण में काफी लोकप्रिय रहे हैं। राजकीय सम्मान से सम्मानित होने के बाद शिक्षकों तथा पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सारिक अशरफ, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा चंदन कुमार द्विवेदी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा रजनीश कुमार उपाध्याय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन नाजिश अली, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना लेखा एस राय, डायट के प्राचार्य विवेक कुमार मौर्य, श्रभगवान पांडेय, मृत्युंजय कुमार, मुरारी प्रसाद, हिंगमनी के साथ-साथ सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों व कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें बधाई दिया है।

# शिक्षक दिवस पर सरकार का शिक्षक प्रेम व कार्यक्रम ढकोसला: विनीत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

टेट प्रारंभिक शिक्षक संघ के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पूनम शर्मा, जिलाध्यक्ष विनीत पांडेय, जिला सचिव विक्रम कुमार एवं मो अशरफ अली, जिला सरंक्षक अरुण मणि, जिला महासचिव राकेश कुमार ने जिले के शिक्षा जगत से जुड़े समस्त पदाधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों को शिक्षक दिवस की बधाइयां दी।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संघ के नेताओं ने कहा कि हम बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए अपने कर्तव्य पथ पर अडिग हैं। शिक्षकों की लड़ाई समानता और शोषण के विरुद्ध सरकार से है। आज शिक्षक दिवस के दिन भले सरकार कार्यक्रमों का आयोजन कर अपनी पीठ थपथपाया पर बिहार के नियोजित शिक्षक अपने को ठगा महसूस कर रहे। सरकार के नीतियों के विरोध में जिले के सभी शिक्षको ने आज शिक्षक दिवस के दिन काली पट्टी बांध कर अपना विरोध जताया। समान काम समान वेतन, राज्यकर्मी का दर्जा के मुद्दे पर सरकार आज तक नियोजित शिक्षकों को छला है। राज्यकर्मी के दर्जा देने में सरकार पर



कोई विशेष वितीय बोझ नहीं आ रही फिर भी सरकार शिक्षकों की मांगों पर मौन है। आज बिहार के हर गांव में विद्यालय है पर शिक्षकों के ट्रांसफर न होने के कारण सैकड़ो किलोमीटर शिक्षक हर रोज यात्रा को विवश हैं। जो महिला शिक्षक शादी से पहले अपने मायके में थी आज शादी होने के बाद भी सालों से ट्रांसफर के इंतजार कर रही। सरकार कह रही कि ट्रांसफर होगा सॉफ्टवेयर से पर सालों गुजर जाने के बाद भी न सॉफ्टवेयर बना न ट्रांसफर हुआ। शिक्षकों के परिवार टूट रहे सरकार के गलत नीतियों के कारण।

विनीत पांडेय ने कहा कि शिक्षक दिवस के दिन सरकार का शिक्षक प्रेम दिखावा मात्र ढकोसला है। गांधी की धरती पर लोकतांत्रिक तरीके से शिक्षकों ने आंदोलन किया। पटना में जिसकी पूर्व सहमति होने के बावजूद प्रशासन ने सैकड़ो शिक्षकों को निलंबित किया। जब तक राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल जाता बिहार के साढ़े 4 लाख नियोजित शिक्षक विभिन्न तरीकों से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। सरकार शिक्षकों की मांगे सुनने के बजाय समय समय पर शिक्षकों को प्रदत अधिकारों की कटौती कर शिक्षकों के मूल मांग से ध्यान भटका रही। इसका ताजा उदाहरण छुट्टी की कटौती एवं फिर वापस करना है। बिहार के शिक्षक शिक्षा के अधिकार नियम 2009 के मापदंड से भी ज्यादा दिन बच्चों को शिक्षा देते हैं फिर भी शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा। महागठबन्धन ने घोषणा पत्र में समान काम समान वेतन की बाते लिखी थी पर उस पर कोई चर्चा न होना दुःखद है।

## मद्य निषेध ईकाई ने हरियाणा से शराब की खेप लाने की दी थी सूचना

# कार्रवाई : पाइप लदे ट्रक से 3234 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार




**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस को शराब के खिलाफ अभियान में फिर बड़ी सफलता मिली है। जिसमें चरपोखरी थाने की पुलिस ने आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी बाजार स्थित सहिला पुल के समीप पाइप लदे ट्रक से 3234 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ ही, ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया चालक हरियाणा के सोनीपत जिला के खरखोंदा थाने स्थित गोरान निवासी रविंद्र है। पटना मद्य निषेध इकाई की सूचना पर पुलिस को खेप पकड़ने में सफलता मिली है। जब्त शराब की कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी जा रही है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में

### ■ गिरफ्तार चालक से पूछताछ जारी, तस्करों की पहचान में जुटी पुलिस

बताया कि मंगलवार की सुबह मद्य निषेध इकाई ने सूचना दी कि यूपी नंबर ट्रक पर हरियाणा से शराब की बड़ी खेप आरा की ओर लाई जा रही है। जिसके बाद एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। साथ ही, चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने टीम के साथ गड़हनी बाजार स्थित सहिला पुल के समीप वाहन जांच शुरू की। इसी बीच यूपी नंबर छह चक्का वाला ट्रक भी पहुंचर, जिसकी तलाशी लेने पर पाइप के बंडल नीचे छुपा कर रखी गयी विभिन्न? ब्रांड के 3234 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। उसके बाद ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में चालक ने शराब के सप्लायर और खरीदार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। टीम में चरपोखरी थाने के अन्य पुलिस कर्मी भी शामिल थे।

## नक्सली कांड में 7 वर्ष से फरार पूर्व माले सचिव गिरफ्तार

**आरा।** चरपोखरी थाने की पुलिस ने हथियार तस्करी व नक्सली कांड में सात साल से फरार चल रहे माले के गड़हनी अंचल के पूर्व सचिव विनोद मिश्रा को गिरफ्तार किया है। जिसे चरपोखरी थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। वो पहरपुर गांव का निवासी है। एसपी ने बताया कि 2016 में चरपोखरी थाने में यूएपीए, सीएल व आर्म्स एक्ट के तहत एक कांड दर्ज की गयी थी। जिसमें विनोद मिश्रा आरोपित था। उसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। साथ ही, 2012 व 2013 में चरपोखरी एवं जगदीशपुर थाने में भी उसके खिलाफ हथियार तस्करी का केस दर्ज था। दोनों मामलों में भी पूर्व माले नेता विनोद मिश्रा वांटेड था। वह कुछ सालों से बिहार से बाहर चला गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इस बीच सोमवार को सूचना मिली कि वह गड़हनी इलाके में घूम रहा है। जिसके बाद कार्रवाई की गई।

## 200 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ कौंरा गांव के तीन तस्कर गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने लग्जरी कार से लाखों की ब्राउन शुगर के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 200 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गयी। तीनों को उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल के समीप पकड़ा गया। साथ ही, होंडा सिटी कार, एक बाइक और तीन मोबाइल जब्त की गयी। गिरफ्तार तस्करों में जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौंरा गांव निवासी मुन्ना सिंह, पवन कुमार सिंह और आनंद कुमार सिंह शामिल हैं।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि जगदीशपुर की ओर से पश्चिम बंगाल नंबर की काले रंग की होंडा सिटी कार और अपाची बाइक से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। तस्कर ब्राउन शुगर लेकर जगदीशपुर से जीरो माइल होते आरा की तरफ जा रहे हैं। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तस्करों की गिरफ्तारी व ब्राउन शुगर की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। जिसके बाद वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस को देख तीनों भागने लगे, जिन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया। बाद में तलाशी के दौरान तस्करों के पास से 200 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। उसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## केंद्रीय मंत्री ने डुमरांव में मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



**डुमरांव।** सोमवार की देर शाम केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने डुमरांव में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश भी दिए। भवन निर्माण में लगे एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण काम करने तथा डीपीआर के अनुसार निर्माण करने को कहा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण होने से डुमरांव सहित जिलेभर के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां मेडिकल की पढ़ाई के साथ ही बेहतरीन अस्पताल का संचालन करवाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भाजपा के कई स्थानीय नेता भी उनके साथ थे। बता दें कि वे सोमवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत डुमरांव के अमर शहीदों के परिजनों तथा शहनाई नवाज उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के परिजनों से मुलाकात करने तथा अमृत वाटिका के निर्माण के लिए उनके घरों से अमृत कलश में मिट्टी इकट्ठा करने आए थे। इस कार्यक्रम के बाद वे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

## एक नजर

### राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह




**डुमरांव।** शिक्षक दिवस के अवसर पर डुमरांव के राइजिंग सन इंटरनेशलन स्कूल में शिक्षकों के सम्मान के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक ब्रह्मा ठाकुर ने की। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं के छात्रा छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही उनके सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक समाज व देश के निमार्ता होते है। इनका सम्मान करना सभी का दायित्व है। शिक्षकों के सम्मान से ही देश महान बनता है। इस दौरान उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन व उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि वे आजीवन शिक्षा तथा शिक्षकों के हित की चिंता करते रहे। उनके जन्मदिन को ही शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर सभी शिक्षकों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस दौरान प्राचार्य वेंकटेशन सुब्रह्ण्यम, विष्णु ठाकुर, संजय उपाध्याय व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल, पोल खोल के तहत जदयू ने निकाला मशाल जुलूस

**डुमरांव।** जदयू ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार की शाम मशाल जुलूस निकाला। यह मशाल जुलूस जदयू द्वारा भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल पोल खोल के तहत निकाला गया था। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। मशाल जुलूस राज हाई स्कूल के खेल मैदान से शुरू हो नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण किया। इस दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय



चंद लोदी ने व संचालन नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान जदयू नेताओं ने भाजपा पर महंगाई बढ़ाने तथा देश में सांप्रदायिकता का जहर घोलने का आरोप लगाया। जदयू नेताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा पूरे देश में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जदयू के वरिष्ठ नेता कमलेश सिंह, नथुनी खरवार, राजेश पाल, प्रीति पटेल, धमेन्द्र ठाकुर, संतोष चैधरी, मोहन चैधरी, दिनेश सिंह, राघवेंद्र उज्जैन, रविराज, सिद्धेश्वर चैधरी, उत्तम तिवारी, सुरेंद्र कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, बिनोद सिंह, नन्दजी राम, कृष्णा सिंह, छितेश्वर गोंड, कमल चैरसिया, आजाद सिंह राठौर, महेन्द्र राम, राविकान्त कुशवाहा, लक्ष्मण चैधरी, ब्रजेश यादव, ब्रजनाथ पांडेय, बिशोका चंद, पारस चैधरी सत्यनारायण सिंह कुशवाहा समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा को मिला सर्वोच्च स्थान: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बक्सर संसदीय क्षेत्र के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। मुझे खुशी है कि आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल में किया गया था। इस मौके पर बक्सर संसदीय क्षेत्र के 40 से अधिक सेवानिवृत शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनका सम्मान राष्ट्र का सम्मान है।

**सांसद मेधा सम्मान के लिए** छात्रवृत्ति के तौर पर मिलेगी। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने अपने संबोधन ने कहा कि आज का युवा प्रतिभा और क्षमता वाला है। आज का युवा सीखने और नई चीजों को तलाशने के लिए उत्सुक हैं। इन्हें बेहतर मार्गदर्शन मिले, इसे ध्यान में रखते हुए युवा अनस्टॉपेबल के सहयोग से एक प्रयास किया गया है। आगे भी इसे जारी रखा जाएगा।



### ◆ 40 से अधिक सेवानिवृत शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**चयनित 41 छात्रों को किया गया पुरस्कृत :** कार्यक्रम में युवा अनस्टॉपेबल संस्था के सहयोग से चयनित सांसद मेधा सम्मान के तहत 41 छात्रों को सम्मानित किया गया। उसके तहत 50 हजार तक की राशि

## दवा दुकान के संचालक ने छात्रा को लगाया एक्सपायरी इंजेक्शन, हुई मौत

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित जीरो माइल स्थित मेडिकल स्टोर पर एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने से 19 वषीर्या स्नातक की एक छात्रा की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मंगलवार को छात्रा को सांस लेने में तकलीफ हुई। जिस पर वो दवा लेने के लिए दवा दुकान पर गयी थी। जहां संचालक ने उसे इंजेक्शन दी। जिसके बाद बाद उसकी स्थिति और बिगड़ने और मुंह से झाग आने लगा। यह देख परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत छात्रा मूल रूप से रोहतास जिला के कच्छवां थाना क्षेत्र के दनवार गांव निवासी विश्राम कुमार पंडित की बेटी अंजली कुमारी थी। वह स्नातक पार्ट वन की छात्रा थी। कुछ वर्षों से वह अपने परिवार के साथ नवादा थाना क्षेत्र सर्वोदय नगर मोहल्ले में अपने मकान में रहती थी।



छात्रा की चचेरी बहन प्रीति कुमारी ने बताया कि उसे निमोनिया की शिकायत थी। जिसके कारण उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उसकी मां ने बेटी की तकलीफ देख इंजेक्शन दिलाने के लिए जीरो माइल स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ले गयी। जहां मेडिकल स्टोर संचालक ने उसे एक्सपायरी इंजेक्शन लगा दिया। उसके बाद उसकी तबीयत काफी बिगड़ गयी और मुंह से झाग आने लगा। यह देख दवा दुकान का संचालक मेडिकल बंद फरार हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

# भाजपा ने की वोटर चेतना महाभियान की शुरूआत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र के बंधुगंज स्थित ललन कुमार सभागार में भारतीय जनता पार्टी ने वोटर चेतना महाअभियान के तहत घोषी विधानसभा क्षेत्रीय कार्यशाला की गई। जिसमें चारों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्रों के प्रभारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

कार्यशाला की शुरूआत वंदे मातरम के नारों के साथ पं. दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई। साथ ही जिला संयोजक रामसुभग शर्मा, रवि रंजन एवं उदय शर्मा को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में




बोलते हुए वोटर चेतना अभियान के जिला संयोजक रामसुभग शर्मा ने उपस्थित कार्यकताओं को केंद्रीय योजनाओं का घर घर जाकर प्रचार-प्रसार करने को कहा। साथ ही, बताया जाए कि गरीब कल्याण योजना अंतर्गत गरीबों को मुफ्त राशन विवरण, आम घरेलू गैस के साथ साथ उज्ज्वला योजना के तहत दामों में भारी कटौती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यों यथा उनके नेतृत्व में चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल प्रक्षेपण एवं लैंडिंग, रक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भरता की ओर कदम, भारत का विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना जैसे कार्यों की बदौलत विदेशों में देश का मान बढ़ा है।

प्रधानमंत्री के कार्यों को पूरे देश की जनता देख और समझ रही है। इसलिए लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। प्रदेश द्वारा नामित घोषी विधान सभा के बीएलए वन रवि रंजन नें कार्यशाला के तकनीकी पहलूओं के बारे में उपस्थित कार्यकताओं को विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि मतदाता सूची के सत्यापन, नए मतदाताओं का पंजीकरण तथा इस सूची में सुधार के लिए पार्टी की ओर से यह महाभियान शुरू किया गया है। इसके तहत घोषी विधान सभा के सभी 289 बूथों पर पूर्व में बनाए गए बीएलए 2 की सूची का सत्यापन साथ ही बूथों पर नए बीएलए टू नामित करनें से लेकर गठित बूथों की समीक्षा भी की जानी है ताकि सांगठनिक बूथ मजबूत हो सके क्यों कि जब बूथ मजबूत होगा तभी हम चुनाव जीतेंगे। उन्होनें उपस्थित कार्यकताओं से कहा कि बूथ स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें, अपनें बूथ के मतदाताओं एवं नव मतदाताओं से लगातार संपर्क में रहें । बूथ कमिटी में बीएलए टू की अहम भूमिका होती है। चुनाव के दिन अगर ये जितना सक्रिय रहेंगे पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान उतना ही ज्यादा होगा। उन्होनें उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों से जल्द से जल्द टोली गठित कर उन्हें घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क अभियान शुरू करनें को कहा। उक्त कार्यशाला की अध्यक्षता मोदनगंज मंडल के अध्यक्ष निरंजन कुमार नें किया साथ ही धन्यवाद ज्ञापन किया।



# शराब तस्करी के लिए अब तस्कर ले रहे मासूमों का सहारा

**केशव टाइम्स पड़ताल**

**तिलक कुमार/बलिया**

तुम डाल–डाल तो हम पात–पात वाली कहावत शराब तस्करों पर इन दिनों सटिक चरितार्थ हो रही है। बड़े अफसरों की आंखों में धूल झोंकने के लिए शराब तस्कर अब मासूमों का सहारा ले रहे हैं। शराब तस्करी का हब बन चुका बैरिया क्षेत्र में जब केशव टाइम्स के पत्रकार पड़ताल करने पहुंचे तो देखा कि शराब तस्कर यूपी से बिहार शराब की खेप पहुंचाने के लिए मासूमों का सहारा ले रहे हैं, जो कि चिंताजनक है। यदि जल्द से जल्द इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मासूमों की जिंदगी बर्बाद हो सकती है। वहीं शराब माफिया एक तीर से दो निशाना साध रहा है। यदि शराब की खेप पकड़ी जाती है तो ना मासूमों पर कार्रवाई होगी और ना ही माफिया का नाम पुलिस को पता चल पाएगा।





क्षेत्र में शराब तस्करी पर पुलिस रोक लगाने में पूरी तरह फेल साबित हो रही है। प्रतिदिन अंग्रेजी शराब की खेप दोकटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गंगा नदी के घाटों व चांददियर व जयप्रकाश नगर चौकी क्षेत्र से बिहार भेजी जा रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि शराब तस्कर अलग-अलग तरीके से शराब की तस्करी में जुटे हुए हैं। अब तो नाबालिग लड़कें से बाइक से बिहार में शराब की तस्करी करते पकड़े जा रहे है। वहीं शराब तस्कर भी नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर शराब तस्करी में शामिल कर रहे हैं।

तस्कर शराब की पेटी नाव में लोड करने में नाबालिग लड़कों का इस्तेमाल कर रहे हैं।जिसके एवज में शराब तस्कर नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर नावों में शराब की पेटियां लोड कराते हैं। गंगा व सरयू नदी के तटवर्ती लोगों का कहना है कि शराब तस्कर चार पहिया व दो पहिया वाहनों से शराब की खेप नदी के किनारे लाते हैं और आसपास के तटवर्ती गांवों के नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर शराब की पेटियां नाव पर लोड कराते हैं। सूत्रों की मानें तो कई ऐसे नाबालिग है जो शराब के कारोबार से जुड़े है, जो शराब तस्करों का सहयोग करते हैं। अगर कभी-कभार बाइक से शराब की पेटियां ले जाते समय नाबालिग लड़के पकड़े भी जाते हैं तो आसानी से छूट भी जाते हैं। बहरहाल शराब तस्कर नाबालिग लड़कों को शराब तस्करी में शामिल कर रहे हैं, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

# अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव एवं डीजीपी का पुतला फूंका, लगाए सरकार विरोधी नारे

**केटी न्यूज/बलिया**

हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने व फर्जी मुकदमा लादे जाने के विरोध में मंगलवार को बार कॉउंसिल आफ यूपी के आह्वान पर बलिया के क्रिमिनल व सिविल बार के वकीलों ने सिविल कोर्ट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक पुतला दहन किया। इस दौरान वकीलों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। इस मौके पर संयुक्त बार के वकीलों ने योगी सरकार के दोषी अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वकीलों ने मांग किया कि प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय। कहा कि योगी सरकार के अफसर वर्तमान सरकार में बेलगाम हो चुके हैं। आलम यह है कि वकीलों का उत्पीड़न पूरे प्रदेश में चल रहा है। हापुड़ प्रकरण में योगी सरकार के अफसरों के इशारे पर फर्जी मुकदमा लादा गया है।



## हापुड़ की घटना से खफा वकीलों ने जताया विरोध

**चंदौली।** हापुड़ प्रकरण से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार जुलूस निकालकर पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान प्रमुख सचिव व पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की और चंदौली तहसील परिसर के सामने प्रमुख सचिव व पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तत्काल डीएम व एसपी को वहां से हटकर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आगे का आंदोलन उग्र होगा इसके लिए शासन और प्रशासन ही जिम्मेदार होगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ में जिस प्रकार से



जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कराया, इससे साफ जाहिर होता है कि लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा है। हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए,ताकि अधिवक्ताओं को न्याय मिल सके।

## सांसद और डीएम ने राष्ट्रीय पोषण माह अभियान कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

# प्रदेश से कुपोषण मिटाने के लिए मेहनत व लगन की जरूरत: मस्त

**केटी न्यूज/बलिया**

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन उत्तम पोषण, उत्तर प्रदेश रोशन थीम के साथ 01 सितंबर से 30 सितंबर के बीच होना है। इसके दृष्टिगत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त में कहा कि इस जिले में मोटे अनाज की भरपूर संभावना है। इसलिए बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए मोटे अनाज अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने कुपोषित बच्चों को मोटे अनाज से बनी खीर खिलाने का सुझाव दिया। उन्होंने मोटे अनाजों में कोदो को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि कोदो को आहार के रूप मे लेने से शुगर की बीमारी नहीं होती है। उन्होंने मोटे अनाज के अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को धन्यवाद दिया। सांसद जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बच्चों में कुपोषण कम करने के लिए मोटे अनाज के प्रयोग के बारे में सुझाव मांगे। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, जयप्रकाश साहू , सहित राष्ट्रीय पोषण मिशन में शामिल सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की तारीफ करते हुए कहा कि कोई भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम हो, वे अपना महत्वपूर्ण समय जरूर देते हैं। वे जिले के किसानों कि आय बढ़ाने, किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने की सलाह देते हैं। अक्टूबर से जिले में मक्के और बाजरे को क्रय किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि जनपद में कुछ ऐसे अच्छे कार्य हो, जैसे कुपोषित बच्चों के लिए मोटे अनाज का प्रयोग, जो प्रदेश के दूसरे जिलों के लिए नजीर बने।



### पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आम लोगों के बीच कुपोषित बच्चों के प्रति जागरूकता के लिए इस वैन( पोषण रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं सभी को शुभकामनाएं दी । इस वैन (पोषण रथ) के पीछे आम जनमानस में कुपोषित बच्चों के प्रति जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हाथ में पोस्टर लेकर रैली निकाली।

### राष्ट्रीय पोषण अभियान की दिलाई गई शपथ

**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई एवं शपथपत्र पर हस्ताक्षर भी किए।। शपथ इस प्रकार है। आज मैं भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने का वचन देता हूं। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान मैं हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाऊंगा/ पहुंचाऊंगी। सही पोषण का अर्थ कर साफ पानी और सही प्रथाएं। मैं पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाऊंगा/ बनाऊंगी।

## दुष्कर्म मामले में वांछित दो अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** एसपी ओमवीर सिंह ने अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर के देख–रेख में 5 सितंबर को थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में सब–इंस्पेक्टर अजय प्रकाश पांडेय द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित विशाल कुमार मौर्य पुत्र सुभाष मौर्य, रामअवध मौर्य पुत्र घनश्याम मौर्य निवासीगण पंडापुर थाना रामपुर मांझा ग्राम भवानीपुर तरांव स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

## कर्मचारियों का धरना जारी

**बलिया।** मानदेय ना मिलने व कार्य करने से रोके जाने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों व एएनएम का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। कहा कि उन्हें आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर आपरेटर, एएनएम एवं अन्य पदों पर रखा गया था। अब कार्य करने से रोक दिया गया है। सभी पीएचसी और सीएचसी पर कोविड–19 के समय से कार्यरत थे। एसडीएम, सीडीओ और डीएम को प्रार्थना पत्र देने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।




# गुरु-शिष्य के बीच आदर व प्रेम से ही होता है बच्चों का नैतिक विकास

**बलिया।** बहेरी स्थित सूर्योदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी अध्यापक, बच्चे, बच्चियों और विद्यालय परिवार के लोग कार्यक्रम में शरीक हुए। इस अवसर पर गुरुजनों ने केक काटकर बच्चों को खिलाकर उनका हौसला अफजाई किया। बच्चों ने गुरुजनों को ढेर सारे तोहफे दिये। सुबह से ही बच्चे अपनी अपनी कक्षाओं में तैयारी में जुट गए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद नसीम खान ने कहा कि गुरु और शिष्य के बीच का यह आदर और प्रेम ही बच्चों का नैतिक विकास करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम जी पांडेय, उप प्रधानाचार्य योगेंद्र नाथ ओझा, एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद शमीम खान, मुस्ताक खान, परमात्मानंद सिंह, दीपक श्रीवास्तव, मुन्ना राम, तरन्नुम खातून, मोना खातून, अमीना बेगम, मल्लिका मैडम, महबूब खान, सफी खान, गुलाम मुस्तफा खान मौजूद रहे।



# विलुप्त हो रही बिरहा को आज बचाने की जरूरत : रामकेश

**केटी न्यूज/चंदौली**

शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यालय स्थित सकलडीहा रोड के संजय नगर में मंगलवार को बिरहा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जनपद ही नहीं गैर जनपद से आए लोकगीत कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की और विधा पर प्रकाश डाला। इसका शुभारंभ सेवानिवृत्त जिला भूमि सरक्षण अधिकारी इंजीनियर रामकेश सिंह यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार गुड्डू ने फीता काटकर किया। वही कलाकारों ने अपने लोकगीत प्रस्तुत की। इसमे निर्णायक मंडल में इंजीनियर रामकेश सिंह यादव, सियाराम चौहान, निसार अहमद और निसार ने लोकगीत कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान इंजीनियर रामकेश सिंह यादव ने कहा कि आज बिरहा विलुप्त हो रही है उसे बचाने की जरूरत है। हम सभी को अपनी संस्कृति और विधा को बचाए रखने के लिए आज आगे आने की जरूरत है।



# अपनी कुशलता व मेहनत से बच्चों को संवारता है शिक्षक : कुंवर

**केटी न्यूज/चंदौली**

देश के पहले उपराष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मंगलवार को जनपद में धूमधाम से शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान स्कूल-कालेज व शिक्षण संस्थाओं में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों को पूजा, उन्हें उपहार भेंट किया और केक काटकर शिक्षण दिवस को मनाया। वहीं गुरुजन भी बच्चों के स्नेह को पाकर अभिभूत हो उठे और उन्हें शिक्षा प्राप्त कर बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी के बारे में बताया। इसी क्रम में सदर ब्लाक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हथियानी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने गुरुजनों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुति बच्चों द्वारा की गई। इसके अलावा बच्चों द्वारा लाए गए केक को गुरुजनों ने काटकर शिक्षक दिवस मनाया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरु अपने शिष्य का मार्गदर्शन करके उसे सही राह दिखाता है जिससे वह बिना भटके अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मंजिल की ओर बढ़ता है। शिक्षक अपनी कुशलता व मेहनत से बच्चों के जीवन में कौशल व ज्ञान का रंग भरने का काम करते हैं। गुरु की भूमिका को समाज में अग्रणी माना गया है क्योंकि गुरु एक बेहतर समाज के निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। वह बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार की नींव को सींचता है, जिससे बच्चे आगे चलकर न केवल खुद के भविष्य को उज्जवल बनाते हैं, बल्कि अपने ओज और सफलता से समाज को भी प्रकाशमान करने का काम करते हैं। इसके पूर्व शिक्षकों व स्कूली छात्र-छात्राओं डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह, सउद अहमद, रवि मिश्र, नवमालिका बैद्य, रामाज्ञा तिवारी आदि उपस्थित रहे।










## घोसी विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, आठ सितंबर को आएंगे परिणाम

# 49.42 फीसदी वोटिंग के साथ मतदान खत्म मतपेटियों में बंद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

**केटी न्यूज/मऊ**

आज जनपद के घोषी विधानसभा उप चुनाव के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच। मतदान सुबह7 बजे से शुरू हो गया ।सुबह से ही मतदाताओ लम्बी लाइन लग गई और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हो गया।सुबह में मतदान की गति काफी धीमी रही तथा सुबह 9 बजे तक मात्र 9.12 %वोट पड़ा था।सभी मतदान केंद्रों पर प्रशासन द्वारा चुस्त दुरुस्त और देख रेख में चुनाव चलता रहा और 11 बजे तक मतदान21.57% पड़ा ।इसके बाद 1 बजे कुल 33.52 %वोट पड़ा।यह मतदान प्रतिशत धीरे धीरे दोपहर बाद3 बजे 43.24 पहुंच गया ।स

शाम 5 बजे पूरे विधान सभा क्षेत्र में 49 .42%मतदान हुआ ।

घोसी विधानसभा सीट पर आज उपचुनाव के लिए सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो गई ।, घोसी विधानसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 430394 है, जिसमें 231545 पुरुष मतदाता जबकि 198840 महिला मतदाताएं हैं अन्य मतदाताओं की संख्या 9 है, अगर प्रत्याशियों की बात करें तो प्रत्याशियों की कुल संख्या 10 है, इनमें भाजपा से दारा सिंह चौहान, सपा से सुधाकर सिंह, जन अधिकार पार्टी से अफरोज आलम, जनता क्रांति पार्टी से मुन्नीलाल चौहान, आम जनता पार्टी से राजकुमार .चौहान, पीस पार्टी से सनाउल्लाह, जन राज्य पार्टी से सुनील चौहान जबकि राघवेंद्र प्रताप सिंह रमेश पांडे और विनय कुमार निर्दलीय किस्मत आजमा रहे हैं, मतगणना 8 सितंबर को होगी, विधानसभा के 430394 मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, ।चुनाव लड़ रहे 10 प्रत्याशियों में सबसे अहम नाम पूर्व कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का है, पिछले साल विधानसभा चुनाव में इसी विधानसभा सीट से दारा सिंह चौहान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे थे, और भाजपा के विजय राजभर को हराकर जीत हासिल की थी।




### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान प्रक्रिया का किया निरीक्षण

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार व एसपी अविनाश पांडे ने उप निर्वाचन के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत हो रहे मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु मतदान के दौरान प्रातः काल से लेकर शाम तक कई बूथों का निरीक्षण किया।

बूथों के निरीक्षणों के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कई बूथों पर ठीक ढंग से अमिट स्याही न लगाने तथा मतदाताओं द्वारा अमिट स्याही को तुरंत मिटाने का मामला संज्ञान में आने पर मतदान कार्मिकों को अमिट स्याही को ठीक ढंग से लगाने तथा स्याही सूख जाने के उपरांत ही मतदाताओं को मत दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को बूथ के अंदर प्रवेश न देने तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। बूथों पर तैनात पुलिस एवं सुरक्षा बलों को भी जिलाधिकारी ने बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश न करने तथा मतदान के उपरांत मतदाताओं की स्याही चेक करने के निर्देश दिए।

### जिलाधिकारी को ट्विटर पर मिली धमकी, एफआईआर दर्ज

**मऊ।** विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत दिनांक 4 सितंबर 2023 को जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार द्वारा शाम को कई बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यों का जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट के उपरांत ज्योति यादव नाम से संचालित ट्विटर अकाउंट द्वारा जिलाधिकारी को धमकी भरा कमेंट प्रेषित किया गया। मामला संज्ञान पर में आने पर चुनाव के दृष्टिगत गठित एमसीएमसी के पटल प्रभारी राघवेंद्र पांडे द्वारा ज्योति यादव के खिलाफ थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506,507,171 एफ,171 जी के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई।

### दो लाख सब्जी की नर्सरी व वर्मी कंपोष्ट खाद व बीज का नि:शुल्क वितरण

**गाजीपुर।** जय माँ कष्टहरणी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड करीमुद्दीनपुर के सौजन्य से दो लाख सब्जी की नर्सरी व वर्मी कम्पोष्ट खाद व तोरई बीज का निःशुल्क वितरण कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के हाथों किया गया। इस बीच एक कृषि गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। गोष्ठी का प्रारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूँ पंकज राय को जिन्होंने निःशुल्क नर्सरी का वितरण कई वर्षों से करते आ रहे हैं। आज समय क्लस्टर कृषि का है। क्लस्टर कृषि से उत्पाद को लेने के लिए व्यापारी स्वयं किसानों के पास आएंगे। जिससे खर्च कम होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान सब्जी की खेती कर रहा है और उसके उत्पाद जो पहले कानपुर और वाराणसी में बिकते थे वे आज विदेशों में जा रहे हैं।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो में विद्यार्थियों के 12 पदक प्राप्त करने पर खुशी

**गाजीपुर।** जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में यूसुफपुर स्थित लिमरा कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने कुल 12 पदक प्राप्त किए। जमानियां में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच छात्रों ने स्वर्ण, तीन ने रजत एवं चार विद्यार्थियों ने कास्य पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में हामिद अंसारी, आमिल खान, दिव्यांशु, आदित्य यादव तथा अदनान खान का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। रेहान अंसारी, उमर असलम और सैफ इमरान ने विद्यालय के लिए रजत पदक अर्जित किया। विद्यालय के कोच मनोज कुमार बिंद के प्रशिक्षण में इन छात्रों के अलावा जोरिया अंसारी, दश वर्मा, अक्षत और अनुराग ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## पैक्स सदस्यता महाअभियान के तहत बनाए गए 132 नए सदस्य



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सूबे के मंत्री सूर्य प्रताप शाही (कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग) ने बतौर मुख्य अतिथि किसान मेले में मंगलवार को शिरकत किया। उक्त मेला मां कष्टहरणी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के फार्म हाउस करीमुद्दीनपुर में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर ब्लॉक बाराचवर की समितियों के लगभग 300 कृषकों द्वारा भाग लिया गया। बी पैक्स सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत 132 नए सदस्य बनाए गए। जिनसे अंकन 29172 रुपये अंश राशि जमा कराई गई। मंत्री द्वारा विनय राय, पंकज राय, निवास राय, शैलेंद्र कुमार राय आदि सदस्यों को शेयर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर कैलाश चंद मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक गाजीपुर, परमेश्वर झां अपर जिला सहकारी अधिकारी प्रभारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंध, राधेश्याम सिंह अपर जिला सहकारी अधिकारी, कन्हैया लाल मौर्य सहायक विकास अधिकारी सहकारिता ब्लॉक बाराचवार, दिग्विजय सिंह शाखा प्रबंधक, शरद द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। पंकज राय की नर्सरी से मान्य कृषि मंत्री द्वारा किसानों को निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।




## समाज बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की शहादत को भुला नहीं सकता



**केटी न्यूज/चंदौली**

सम्राट अशोक क्लब एवं मौर्य समाज की ओर से मंगलवार को अरविंद वाटिका में बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की शहादत को को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। जहां समाज ही नहीं गैर समाज के लोगों ने भी उनकी शहादत को याद किया और उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही समाज के सभी वर्गों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद आर्य ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद ने समाज को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सभी वर्गों के गरीबों वंचितों शोषितों की लड़ाई अपने दम पर लड़ी। उनके द्वारा किया गया संघर्ष हमें बुलाना नहीं चाहिए। जिस प्रकार से सम्राट अशोक क्लब एवं मौर्य समाज के लोगों ने बाबू जगदेव प्रसाद की शहादत मनाने का सफल आयोजन किया है वे बधाई के पात्र हैं। सपा के विधानसभा मुगलसराय के पूर्व प्रत्याशी चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा ने कहा था कि जिस लड़ाई की मैं शुरूआत कर रहा हूं,वह सौ साल लंबी होगी।

## वेलफेयर क्लब की रूप सज्जा प्रतियोगिता में ठहर गई आंखें



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वेलफेयर क्लब द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ह्लकजरी महोत्सवह्ल अंतर्गत राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन रामदूत इंटरनेशनल स्कूल मिश्रवलिया में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद भर के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से चार तक के नन्हे -मुन्हें छात्र - छात्राओं ने राधाकृष्ण की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। ऐसा लग रहा था मानो धरती पर स्वर्ग उतर गया हो। राधा कृष्ण का वेश धारण कर प्रतियोगियों ने उपस्थित जन को आश्चर्यचकित कर दिया। इस प्रतियोगिता में जनपद भर से 327 जोड़ों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्षा सरिता अग्रवाल के प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि ने राधा कृष्ण के रूप में उपस्थित प्रतियोगियों की आरती कर सभी प्रतियोगियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




## अगलगी के बाद करवत में पुलिस सक्रियता से बड़ा हादसा टला



**चंदौली।** जनपद चंदौली के थाना मुगलसराय पुलिस की सक्रियता से मंगलवार को करवत क्षेत्र में बड़ी तबाही होने से बच गई। करवत क्षेत्र में स्थित एक मोबिल की दुकान में आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस व अग्निशमन की टीमों ने एहितयातन आसपास की दुकानें जब खाली करवाई तो एक दुकान में बड़ी मात्रा में पटाखे और बारूद का जखीरा बरामद हुआ। गनीमत रही कि पुलिस ने समय रहते विस्फोटक को हटवा लिया नहीं तो बड़ी तबाही हो सकती थी। घटनाक्रम के मुताबिक रूचि अग्रवाल पत्नी जगन अग्रवाल निवासी पटेल नगर थाना मुगलसराय, जिनकी करवत में मोबिल की दुकान थी। मोबिल दुकान के बगल एक पटाखे की दुकान थी। मंगलवार सुबह रूचि अग्रवाल की दुकान में आग लग गयी। सूचना के बाद मौके पर थाना मुगलसराय व अग्निशमन टीम पहुँची और आग पर काबू पाने के लिए सम्बन्धित थाना द्वारा अगल-बगल के दुकान को खाली कराया जा रहा था।

## डाकघर में फाइबर केबल नेटवर्क लगाया जाए: अमित

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहम्मदाबाद गोहना रोडवेज स्थित उप डाकघर मैं आए दिन सर्वर फेल हो जाने के कारण लोगों को भारी समस्याएं होती थी जिसको लेकर मंगलवार को वरिष्ठ मंडल प्रवर अधीक्षक डाक आजमगढ़ अखिलेश वर्मा ने दोपहर में डाकघर पहुंचकर आवश्यक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान नेटवर्किंग की समस्या से जूझ रहे लोगों से जानकारी प्राप्त की एवं उप डाकपाल अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि डाकघर में फाइबर केबल नेटवर्क लगाया जाए, जिससे खाता धारकों को कोई परेशानी नहीं होगी। उसके बाद श्री वर्मा ने कई खाता धारकों की जमा निकासी स्पीड पोस्ट ,बन रहे आधार कार्ड का भी स्थलिय अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डाकघर ग्राउंड में और बेहतर साफ सफाई तथा पौधारोपण लगाने की भी हिदायत दी उन्होंने कहा कि दोनों गेट के बाहर बेहतर साफ सफाई हो, अनावश्यक रूप से दो पहिया तथा चार पहिया वाहन वहां न खड़े हो, जिससे खाता धारकों को अपने वाहन खड़ा करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में आगामी 13 सितंबर को महिला सामान्य योजना को लेकर डाक विभाग के कर्मियों को एक बैठक के माध्यम से जागरूक करने की भी हिदायत दी जिससे महिलाओं का इस योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा खाता खुल सके और डाकघर की योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी मिल सके ।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ डाक निरीक्षक जो मौके पर मौजूद नहीं थे इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मोहम्मदाबाद गोहना डाकघर से जुड़े हुए अन्य विभिन्न डाकघर के कार्य हेतु उन्हें वहां जाना पड़ता है जिससे वह यहां उपस्थित नहीं रहे ।

### जन्माष्टमी को ले सजावट का कार्य जोरों पर

**मऊ** । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बुधवार एवं गुरुवार को विभिन्न मंदिर एवं अन्य स्थानों पर लोगों द्वारा साज सजावट का कार्य करने को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है ।मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर नगर पंचायत कार्यालय के निकट स्थित मंदिर ,राजगद्दी का मैदान एवं शंकर तिराहा स्थित शिव मंदिर आदि स्थानों पर जन्माष्टमी पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। जबकि कोतवाली परिसर में 7 सितंबर गुरुवार को स्थित शिव मंदिर पर भगवान शिव की भव्य झांकी भी सजाई जाएगी। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

